font>

Title: Need for construction of a by-pass between Ramgarh Chowk and National Highway No.80 *via* Ashok Dham at Lakhisarai in Bihar under `Pradhan Mantri Sadak Yojana`.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) :उपाध्यक्ष महोदय, हमारे बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लखीसराय जिला में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बाईपास नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रधान मंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत रामगढ़ चौक से वाया अशोक धाम होते हुए इस सड़क को यदि नेशनल हाईवे 80 में जोड़ा जाता तो रामगढ़ से लेकर नेशनल हाईवे 80 तक जुड़ने में कई गांव जो पिछड़े इलाकों के हैं जिस में एक हजार से ऊपर की आबादी के भी कई गांव हैं, लाभान्वित होते।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिला कर आकृट करना चाहता हूं कि इस सड़क को प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत लखीसराय जिला में स्वीकृत करा कर कार्य प्रारम्भ कराने की कृपा की जाए।